# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

**मंगलवार, दिनांक 18 मार्च, 2008**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

स्पंज आयरन तथा इण्डक्शन फरनेस के उद्योगों की जानकारी

1. ( *क्र. 2077) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छ. ग. में स्पंज आयरन एवं इण्डक्शन फरनेस के कितने उद्योग हैं ? रायपुर एवं रायगढ़ जिले में स्थापित स्पंज आयरन एवं इण्डक्शन फरनेस उद्योगों के नाम, स्थान, उत्पादन क्षमता सहित जानकारी दें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : छत्तीसगढ़ राज्य में स्पंज आयरन एवं इण्डक्शन फरनेस के 176 उद्योग हैं. जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 1 पर दर्शित है. रायपुर एवं रायगढ़ जिले में स्थापित स्पंज आयरन एवं इण्डक्शन फरनेस उद्योगों के नाम, स्थान, उत्पादन क्षमता की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ", "ब" तथा "स" पर दर्शित है.

बजट में सम्मिलित पुलों की प्रशासकीय स्वीकृति

2. ( *क्र. 1210) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के बजट में शामिल जशपुर जिले के किन-किन पुलों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई ? कितने लंबित हैं ? लंबित रहने का क्या कारण है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" में है.

चावल वितरण में अनियमितता के पंजीबद्ध प्रकरण

3. ( *क्र. 2056) **मोहम्मद अकबर :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर, दुर्ग एवं कबीरधाम जिले में चांवल के वितरण में अनियमितता की माह जनवरी 2008 एवं फरवरी 2008 में 21-2-08 तक कहां-कहां के, किनके-किनके विरुद्ध, किस-किस धारा में अपराध पंजीबद्ध कर कितना-कितना चांवल जप्त किया गया है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : माह जनवरी 2008 से 21 फरवरी 2008 तक रायपुर, दुर्ग एवं कबीरधाम जिले में चांवल के वितरण में अनियमितता के दर्ज प्रकरणों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

बलौदाबाजार-भाटापारा सड़क का निर्माण

4. ( *क्र. 763) **श्री गणेशशंकर बाजपेयी :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या बलौदाबाजार से भाटापारा सड़क निर्माण का प्रारंभिक सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारंभ किया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : जी हां. कार्य प्रारंभ की तिथि बताया जाना संभव नहीं है.

---

† परिशिष्ट "एक"

सीमेंट उद्योगों की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदन तथा निष्पादित एम.ओ.यू.

5. ( *क्र. 2071) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2007 में सीमेंट उद्योग लगाने हेतु कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ? किन-किन के साथ एम.ओ.यू. हुआ है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : वर्ष 2007 में सीमेंट संयंत्र लगाने हेतु कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें से निम्नलिखित 6 उद्योगों के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित किया गया है :—

1. मे. ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरला ग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश (नवीन परियोजना)
2. मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली
3. मे. रूंगटा माइन्स लिमिटेड, चाईबासा, झारखण्ड
4. मे. ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरला ग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश
   (स्थापित इकाई ग्राम-रवान, तहसील-बलौदाबाजार, जिला-रायपुर में विस्तार)
5. मे. एसीसी लिमिटेड, मुम्बई
6. मे. इलेक्ट्रोस्टील कॉस्टिंग्स लिमिटेड, राजगंगपुर, उड़ीसा

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी

6. ( *क्र. 1309) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2004 से दिसम्बर, 2007 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा किस-किस योजना अंतर्गत कहां-कहां, कितनी-कितनी राशि के निर्माण कार्य किये गये हैं ? इनमें कितने कार्य पूर्ण तथा कितने कार्य अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" अनुसार है.

सरगुजा जिले में गोवध से संबंधित दर्ज प्रकरण

7. ( *क्र. 2003) **श्री कमलभान सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरगुजा जिले में वर्ष 2006-07 एवं 2007 से दिनांक 18-02-2008 तक गोवध से संबंधित कितने प्रकरण दर्ज हुए ? (ख) कितने में चालान प्रस्तुत हुए और क्या कार्यवाही हुई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) सरगुजा जिले में वर्ष 2006-07 में गोवध के 02 प्रकरण दर्ज किये गये हैं, एवं 2007 से दिनांक 18-2-08 तक कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ. (ख) उपरोक्त दोनों प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध क्रमशः दिनांक 29-08-06 एवं 20-04-07 को न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है. दोनों प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है.

बलौदाबाजार से सरसींवा मार्ग निर्माण संबंधी

8. ( *क्र. 1749) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या पूर्व-पश्चिम कारीडोर के बलौदाबाजार से सरसींवा के बीच सड़कें निर्माण हेतु टेण्डर किया गया है यदि हां, तो कब ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

डी. पी. आर. योजना के तहत सड़कों का निर्माण

9. ( *क्र. 808) **श्री धुरावन मंगेशकर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में डी. पी. आर. योजना के अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कों का कितनी-कितनी लागत से कितने-कितने किलोमीटर का निर्माण किया जा रहा है.

(ख) डी. पी. आर. योजना की सड़कों के कार्य हेतु प्लांट एवं टेस्टिंग लेब कहां-कहां लगाये गये हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) 1. बिलासपुर - मोपका मार्ग का उन्नतिकरण एवं डामरीकरण कार्य लम्बाई 6.60 कि. मी., प्रशासकीय स्वीकृति राशि 986.84 लाख. 2. सकरी से पेन्ड्रीडीह बायपास मार्ग लं. 16.30 कि. मी., प्रशासकीय स्वीकृति राशि 1847.71 लाख. (ख) डब्ल्यू. एम. एम. एवं डी. बी. एम. का प्लांट ग्राम पेन्ड्रीडीह एवं कांक्रीट बेच मिक्स प्लांट ग्राम बहतराई में है. लेब ग्राम सकरी में है.

रायपुर जिले में हत्या और आत्महत्या के दर्ज प्रकरण

10. (*क्र. 2041) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 01 दिसम्बर, 2007 से 15 फरवरी, 2008 तक की स्थिति में आत्महत्या व हत्या के कितने-कितने प्रकरण दर्ज किये गये ? (ख) अविवाहित महिलाओं के आत्महत्या के प्रकरणों में पोस्टमार्टम में मृत्यु का क्या कारण दर्शाया गया ? थाना कसडोल, बिलाईगढ़ एवं सरसींवा की जानकारी देवें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायपुर जिले के विभिन्न थानों में, दिनांक 01 दिसम्बर 2007 से 15 फरवरी 2008 तक की स्थिति में आत्महत्या के कुल 137 तथा हत्या के कुल 12 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. (ख) उक्त अवधि में जिले के विभिन्न थानों में 09 अविवाहित महिलाओं द्वारा आत्महत्या किये जाने का प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनुसार मृत्यु का कारण, 07 प्रकरणों में जहर सेवन, 01 प्रकरण में फांसी लगाने तथा 01 प्रकरण में जलने से है. अविवाहित महिलाओं के आत्महत्या के थाना कसडोल के 02 प्रकरणों में जहर सेवन से मृत्यु हुई है. थाना बिलाईगढ़ एवं सरसींवा में प्रकरण निरंक है.

राजनांदगांव से मानपुर तथा कुकमेरा मार्ग निर्माण में प्रयुक्त सामग्री

11. (*क्र. 2054) **श्री उदय मुदलियार** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के माध्यम से निर्मित राजनांदगांव से मानपुर एवं राजनांदगांव से कुकमेरा सड़क निर्माण में 20-02-08 की स्थिति में कुल कौन-कौन सा मटेरियल, कितनी-कितनी मात्रा में, किस-किस खदान का उपयोग में लाया गया है ? (ख) उक्त कार्य हेतु दोनों ही मार्गों में कुल कितने-कितने पेड़, किसकी अनुमति से, किसके द्वारा काटे गये ? काटे गए पेड़ों की लकड़ी कितनी एवं किसकी अभिरक्षा में है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) प्रपत्र "अ" † संलग्न है. (ख) प्रपत्र "ब" † संलग्न है.

अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरण

12. (*क्र. 2074) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण 01-01-2007 की स्थिति में लंबित थे ? (ख) उक्त प्रकरण में से कितने को अनुकंपा नियुक्ति 31-12-2007 तक दी गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) 6 प्रकरण लंबित थे. (ख) 4 में अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी.

नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण

13. (*क्र. 1853) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-07 एवं 2007-08 में प्रदेश में कितने-कितने नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया ? वर्षवार जानकारी देवें. (ख) वर्ष 2007-08 में 20-2-08 तक पुलिस व नक्सलियों के बीच कितनी मुठभेड़ हुई है ? कितने नक्सली मारे गये एवं कितने घायल हुए ?

---

† परिशिष्ट "दो"

गृह मंत्री ( श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में वर्ष 2005-06 में 23 नक्सली, वर्ष 2006-07 में 77 नक्सली एवं वर्ष 2007-08 में 08 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया. (ख) वर्ष 2007-08 में 20-02-08 तक पुलिस व नक्सलियों के बीच 203 मुठभेड़ हुई है. मुठभेड़ में 45 नक्सली मारे गये. घायल नक्सलियों की जानकारी उपलब्ध नहीं है, क्योंकि नक्सली घायलों को घसीट कर ले जाते हैं.

बजट में स्वीकृत पुलिया का निर्माण

14. ( *क्र. 838) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अतारांकित प्रश्न के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्रमांक 265) दिनांक 30 नवम्बर, 2007 में दिये गये उत्तर अनुसार बजट में स्वीकृत पुलिया के निर्माण हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) प्रश्नाधीन पुलिया का प्राक्कलन तैयार किया जा चुका है. प्राक्कलन पर वित्त विभाग से सहमति की कार्यवाही प्रचलित है.

राष्ट्रीय राजमार्ग-6 शक्ति नाला में पथकर वसूली

15. ( *क्र. 2049) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के तहसील आरंग में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-6 शक्ति नाला पर पुल निर्माण किस वर्ष में पूर्ण हुआ ? कितनी लागत आयी ? पथकर वसूली किस तिथि से प्रारंभ हुई ? (ख) पथकर वसूली प्रारंभ तिथि से 31 जनवरी, 2008 तक पथकर की कुल कितना वसूली की गई है ? पथकर की वसूली कब तक की जाना है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) (1) पुल निर्माण 15-07-2001. (2) कुल लागत राशि रुपये 168.65 लाख. (3) पथकर वसूली प्रारंभ की तिथि 16-08-2001. (ख) पथकर वसूली प्रारंभ तिथि से 31-01-2008 तक कुल राशि रुपये 994.59 लाख की वसूली की गई है. भारत सरकार भू-तल परिवहन मंत्रालय, नई दिल्ली की ज्ञाप क्र. RW/NH/1203/301/2001/CG/NH-5/Part. दिनांक 25-05-04 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उक्त पुल पर पथकर वसूली का कार्य निरंतर जारी रखा जाना है.

कारीडोर योजनान्तर्गत स्वीकृत सड़कें

16. ( *क्र. 1408) **श्री ओंकार शाह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में कारीडोर योजना के अंतर्गत किन-किन सड़कों का निर्माण किया गया है ? (ख) उक्त सड़कों की स्वीकृति कब-कब दी गई और कार्य पूर्णता की अवधि बतायें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत) : (क) मैनपुर से देवभोग एवं मैनपुर से खरियार मार्ग का. (ख) स्वीकृति दिनांक 08-01-2003 तथा कार्य पूर्णता दिनांक 31-07-2005.

दुर्ग जिले में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरण

17. ( *क्र. 2070) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01-01-2007 की स्थिति में दुर्ग जिले में अनुकम्पा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित थे ? (ख) उक्त प्रकरण में से कितने को 31-12-2007 तक अनुकम्पा नियुक्ति दी गई ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) सहकारिता विभाग में दिनांक 01-01-2007 की स्थिति में दुर्ग जिले में अनुकम्पा नियुक्ति के 02 प्रकरण लंबित थे. (ख) उक्त प्रकरणों में दिनांक 31-12-2007 तक पद रिक्त न होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति नहीं की गई है.

महासमुंद जिले में एनुअल रिपेयर तथा स्पेशल रिपेयर मद में व्यय राशि

18. ( *क्र. 2042 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 में महासमुंद डिवीजन में ए. आर. (एनुअल रिपेयर) तथा एस. आर. (स्पेशल रिपेयर) मद में कितनी-कितनी राशि किस-किस मार्ग में खर्च की गई ? (ख) उक्त अवधि में पूछे गये "क" के मदों में कितनी राशि का कार्य विभागीय कर्मचारियों द्वारा कितनी राशि निविदा के माध्यम से ठेकेदारों द्वारा कराई गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" में है.

लोक निर्माण विभाग रायपुर में अनुबंध के तहत कराए जा रहे कार्य

19. ( *क्र. 1563 ) **श्री नोबेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लोक निर्माण विभाग रायपुर के अंतर्गत अनुबंध क्रमांक 117/डी. एल./06-07 एवं 118/डी. एल. 06-07 के तहत कौन-कौन से कार्य कराये जा रहे हैं ? (ख) कंडिका (क) के अनुबंध के तहत कितनी-कितनी राशि का कार्य कराया जा चुका है एवं कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) † संलग्न परिशिष्ट में है.

---

† परिशिष्ट "तीन"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 1210) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 के बजट में सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की जानकारी**

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) |
|---|---|
| 1. | बनगांव लोकेर मार्ग पर लोकेर नाला पर पुल निर्माण |
| 2. | तिलडेगा ससकोबा मार्ग पर भरारी नाला पर पुल निर्माण |
| 3. | अंबाकछार-कोतबा मार्ग पर कोकिया नाला पर पुल निर्माण |
| 4. | गजियाडीह-तेलन-तोलमा मार्ग पर खारून नदी पर पुल निर्माण |
| 5. | सरईटोली-कोटामल-संगजोर-पंचशाला के पास खारून नदी पर पुल निर्माण |
| 6. | कुनकुरी तपकरा लावाकेरा मार्ग के किमी. 27/6 पर उतियाल नाला पर पुल निर्माण |
| 7. | कुनकुरी-तपकरा-लावाकेरा मार्ग के किमी. 40/6 पर झरिया नाला पर पुल निर्माण |
| 8. | लुडेगा-तपकरा-लावाकेरा मार्ग के किमी. 42/10 पर कटारधोबा नाला पर पुल निर्माण |
| 9. | जशपुर नगर-गम्हरिया मार्ग पर बांकी नदी पर पुल निर्माण |
| 10. | कारादारी-हर्राडीपा-मनोरा मार्ग में लावा नदी पर पुल निर्माण |
| 11. | बारो टाकमुन्डा गजियाडीह मार्ग पर कोकिया नदी पर पुल निर्माण |
| 12. | तुमला गोसीडीह कोकिया नदी पर पुल निर्माण |
| 13. | लोरो से कस्तुरा मार्ग पर गिरमा नदी पर पुल निर्माण |
| 14. | जशपुर जिले के ग्राम रायकेरा से दुलदुला मार्ग के बीच चंपाझरिया नदी में पुलिया निर्माण |
| 15. | दमगड़ा, कुनकुरी मार्ग पर गड़ाबहार नदी पर पुल निर्माण |
| 16. | नवापारा से डुमरटोली मार्ग पर गिरनी झरिया नाला पर पुल निर्माण |
| 17. | घघरा-पटिया-झरगांव नारायणपुर मार्ग के किमी. 16/10 पर ईब नदी पर पुल निर्माण |
| 18. | शेखरपुर खजुरी मार्ग पर तमता नाला पर पुल निर्माण |
| 19. | लोरा-सराईटोला के मध्य ईब नदी पर पुल निर्माण |
| 20. | छिछली अंधरझर मार्ग पर कन्हर नदी पर पुल निर्माण |
| 21. | तपकरा जामबहार मार्ग पर टालडा नाला पर पुल निर्माण |
| 22. | कन्दईबहार खुरगांव मार्ग पर सोनाजोरी नाला पर पुल निर्माण |
| 23. | बगीचा सन्ना चम्पा मार्ग पर भादूनाला पर पुल निर्माण |
| 24. | टांगरगांव से पेमला के बीच मैनी नदी पर पुल निर्माण |
| 25. | सन्ना-जशपुर कुसमी मार्ग के कि. मी. 21/6 पर कन्हर नदी पर पुल निर्माण |
| 26. | बन्दरचुआ-बगिया चेटबा मार्ग पर पेण्ड्रा नाला पर पुल निर्माण |
| 27. | गजियाडीह कोल्हेन झरिया हाथीबेड़ा मार्ग पर खारून नदी पर पुल निर्माण |
| 28. | बन्दरचुआ-टोकड़ा पंडरी पानी मार्ग के कि. मी. 4/6 पर मैनी नदी पर पुल निर्माण |
| 29. | पिराईझांझ बगीचा मार्ग पर बेलजोरा मार्ग पर पुल निर्माण |

| (1) | (2) |
|---|---|
| 30. | लैलूंगा कोतबा लावाकेरा मार्ग पर ईब नदी पर पुल निर्माण |
| 31. | बंधा पहुंच मार्ग पर मैनी नदी पर पुल निर्माण |
| 32. | चराईखेरा से बेलसूंगा मार्ग पर मध्यम पुल का निर्माण |
| 33. | नयापारा से डूमरटोली मार्ग पर मध्यम पुल का निर्माण |
| 34. | धरमा सकरडीह मार्ग पर मध्यम पुल का निर्माण |
| 35. | ग्राम नरियारडांड से चेटबा के बीच मार्ग में पुलिया का निर्माण |
| 36. | बनगांव लोकेर मार्ग पर लोकेर नाला पर पुल निर्माण |

प्रपत्र "ब"

**वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 के बजट में सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित कार्यों की जानकारी**

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | टीप (3) |
|---|---|---|
| 1. | सेराडांड औराडांड सलका कुमरता मार्ग पर सांगुल नाला पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 2. | लुडेगा-तपकरा-लावाकेरा मार्ग बेलसोंगा के किमी. 35/2 पर सरबझरिया नाला पर पुल निर्माण. | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 3. | चराईखेरा से बेलसोंगा मार्ग पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 4. | विकासखण्ड कुनकुरी ग्राम बटकपुर से बेने के मध्य ईब नदी पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 5. | केहुवाकानी घाट पर सिंगीबिहार के पास ईब नदी पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 6. | कोरंगा पाकरटोली मार्ग पर ईब नदी पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 7. | सिंगीबहार लठबोरा लुलकीडीह मार्ग पर उतियाल नाला पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 8. | चंगोरीबहार होगररोटोली मार्ग पर मैनी नदी पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 9. | पखनाकोट डूडबहार नाला पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 10. | सन्ना कमरिमा मार्ग पर ईब नदी पर पुल निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 11. | बगीचा सन्ना मार्ग पर ईब नदी पर पुल निर्माण | प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है |
| 12. | कोईल नाला पर 1 नग पुल निर्माण (शारदाधाम टेड़ापहाड़ मार्ग पर कोयल झरिया नाला पर पुल निर्माण) | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 13. | जिला जशपुर से छिछली अ से सरगुजा सीमा पर पुल निर्माण [अंधरझर (डेकेडिया) सरगुजा सीमा जशपुर मार्ग पर कोटा नदी पर पुल निर्माण ]. | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 14. | जिला जशपुर से डुमरकोना से आस्ता मार्ग पर ईब नदी पर पुल निर्माण (आमगांव खमली मार्ग पर बल्लीरी नाला तथा आस्ता खमली मार्ग पर लावा नदी पर पुल निर्माण). | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 15. | जिला जशपुर में फुलझर से बेडेकोना मार्ग पर फुलझर नदी पुल निर्माण (फुलझर से बेडेकोना मार्ग पर कन्हर नदी पर पुल निर्माण) | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 16. | चराईखेरा से बेलसूंगा मार्ग पर एक नग पुलिया निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 17. | चांपाझरिया भूमरा के पास मध्यम पुल का निर्माण | बजट मद क्र. 3995 की पुनरावृत्ति है |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 18. | जुड़वाईन मार्ग के कोईल नाला पर मध्यम पुल का निर्माण | बजट मद क्र. 3999 की पुनरावृत्ति है |
| 19. | बनगांव सड़क पर मध्यम पुल का निर्माण | वित्त विभाग में कार्यवाही प्रचलित |
| 20. | गड़ाबहार नदी में मध्यम पुल का निर्माण | मद क्रमांक 3991 की पुनरावृत्ति है |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 2054) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**मटेरियल ( निर्माण सामग्री की जानकारी )**

| क्र. | मार्ग का नाम | निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री | | खदान का नाम | मात्रा (घ. मी. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नाम | मात्रा (घ. मी. में) | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | राजनांदगांव से मानपुर मार्ग | गिट्टी | 43182 | सालिकझिटिया | 2748 |
| | | | | अर्जुनी | 862 |
| | | | | कविराजटोलागांव | 103 |
| | | | | बनहरदी | 300 |
| | | | | रामपुर | 154 |
| | | | | कापा | 1922 |
| | | | | मारगांव | 325 |
| | | | | आरी | 350 |
| | | | | जरवाही | 55 |
| | | | | हैदलकोड़ो | 240 |
| | | | | गुंडरदेही | 6165 |
| | | | | मुढ़ीपार (नवागांव) | 38 |
| | | | | करेठी | 7697 |
| | | | | चवेली | 1813 |
| | | | | देवडोंगर | 622 |
| | | | | डुमरडीहकला | 2461 |
| | | | | चंवरढाल | 635 |
| | | | | ठेलकाडीह | 110 |
| | | | | कलकसा | 410 |
| | | | | जोरातराई | 491 |
| | | | | दुर्ग | 5 |
| | | | | सहगांव (धमधा) | 634 |
| | | | | पुतरझाल | 42 |
| | | | | कटेंगाटोला | 15000 |
| 2. | राजनांदगांव से कुकमेरा मार्ग | गिट्टी | 46698.89 | डुमरडीहकला | |
| | | मुरूम | 15635 | महरूमकला 5635.00 | |
| | | | | कुकुरमुड़ा 10000.00 | |

प्रपत्र "ख"

## वृक्षों की कटाई/अभिरक्षा

| क्र. | मार्ग का नाम | पेड़ों की कटाई की अनुमति/संख्या | | पेड़ कटाई/प्राप्त लकड़ी की वन विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमतिकर्ता अधिकारी का नाम | काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या | काटे गए पेड़ों की संख्या | लकड़ी की मात्रा (घ. मी. में) | लकड़ी की अभिरक्षा (घ. मी. में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | राजनांदगांव से मानपुर मार्ग. | अति. कलेक्टर जिला राजनांदगांव | 4214 नग | 4197 नग ठेकेदार द्वारा काटे गये | 2124.808 | वनपरिक्षेत्र मोहला (246.518) धानाबरस परिमंडल (238.771) चौकी डीपो (62.772) लो. नि. वि. (1569.00) ठेकेदार (7.747) |
| | | योग | 4214 नग | 4197 नग | 2124.808 | |
| 2. | राजनांदगांव से कुकमेरा मार्ग. | कलेक्टर जिला राजनांदगांव, अतिरिक्त कलेक्टर जिला राजनांदगांव. | 2061 नग | ठेकेदार द्वारा जड़ से उखाड़े गए पेड़ों की संख्या-1064 इनमें से वन विभाग द्वारा काटे गए वृक्षों की संख्या-869 | 591.548 | वनमंडल खैरागढ़ (451.812) वनमंडल राजनांदगांव (139.736) |
| | | योग | 2061 नग | 869 नग | 591.548 | |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1563) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| स. क्र. (1) | अनुबंध क्र. (2) | संभाग का नाम (3) | कार्य का नाम (4) | अनुबंध की राशि (5) | संपादित कार्य की राशि (6) | भुगतान की गई राशि (7) | भुगतान हेतु शेष राशि (8) | टिप्पणी (9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 117 डीएल 06-07 | संभाग क्र.-1 रायपुर | लाभांडी खम्हारडीह मार्ग का कांक्रीटीकरण. | 1441488/- | 1330042/- | 1330042/- | Nil | कार्य पूर्ण |
| | | संभाग क्र.-2 रायपुर | कोई कार्य का अनुबंध नहीं हुआ | - | - | - | - | संभाग 01-10-07 से अस्तित्व में आया. |
| | | संभाग क्र.-3 रायपुर | तामासिवनी में शासकीय कन्या शाला भवन में विशेष मरम्मत कार्य. | 271400/- | 271400/- | 233766/- | 37634/- | कार्य पूर्ण |
| | | विधान सभा संभाग | खौना निलजा मार्ग का गिट्टी नवीनीकरण एवं नया डामरीकरण लं. 2.00 किमी. | 1640200/- | 1572000/- | 792000/- | 780000/- | कार्य पूर्ण |
| 2. | 118 डीएल 06-07 | संभाग क्र.-1 रायपुर | भनपुरी मार्ग कांक्रीटीकरण कार्य | 1536233/- | 1584762/- | 1584762/- | Nil | कार्य पूर्ण |
| | | संभाग क्र.-2 रायपुर | कोई कार्य का अनुबंध नहीं हुआ | - | - | - | - | संभाग 01-10-07 से अस्तित्व में आया. |
| | | संभाग क्र.-3 रायपुर | नवापारा हाई स्कूल भवन के रिनोवेशन कार्य. | 1739749/- | 495345/- | 495345/- | 1244404/- | कार्य प्रगति पर |
| | | विधान सभा संभाग | महुवा गांव बिरगांव मार्ग गिट्टीकरण एवं नया डामरीकरण लं. 2.00 किमी. | 1640200/- | 1537000/- | 737000/- | 8.00 | मार्ग में लंबाई 1.80 किमी. डामरीकरण कार्य मापदण्ड के अनुसार न होने के कारण कार्यपालन अभियंता ने अमान्य किया. |